JALAUN POLICE

दिनांक- 17.06.2026

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना कैलिया पुलिस द्वारा चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को चोरी गये शत-प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 15.06.2026 को श्रीमती रागनी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्त रामकुमार पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार द्वारा वादिनी के घर से सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले जाना । जिसके संबन्ध में थाना कैलिया पर मु0अ0सं0 51/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत हुआ था।

दिनांक 17.06.2026 को थाना कैलिया पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 51/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कैलिया जनपद जालौन से सम्बन्धित अभियुक्त रामकुमार पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम किशुनपुरा थाना कैलिया जनपद जालौन को चोरी के सम्पूर्ण माल सहित गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 51/26 धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है।

अभियुक्त का विवरण-

1. रामकुमार पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम किशुनपुरा थाना कैलिया जनपद जालौन

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 51/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कैलिया जनपद जालौन

अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु, मनचली, पांच लॉकेट पीली धातु
2. एक बिछुआ सफेद धातु, एक हाफ पेटी सफेद धातु, पायल सफेद धातु, चार जोड़ी बिछिया सफेद धातु, एक कछुआ छाप अंगूठी सफेद धातु

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कैलिया मय पुलिस टीम।